आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- द्वीपसमूह में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन आज स्मरण दिवस परेड के साथ शुरू हुआ।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – सरकार देश की न्याय प्रणाली को जन केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास कर रही है।
- अंडमान निकोबार कमान की ओर से फिट इंडिया मूवमेंट और खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हाफ मैराथन का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य लोगों ने आज संसद परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा साहेब एक अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, विधिवेत्ता् और एक महान समाज सुधारक थे।

द्वीपसमूह में भी डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। आकाशवाणी श्री विजयपुरम में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उप–निदेशक आभियांत्रिकी डी. नरासिम्हा राव, कार्यक्रम निष्पादक जयशीला और अन्य कर्मचारियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर उप–निदेशक ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ, अंडमान निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं आज "एकजुट होकर प्रज्वलित करें, अग्नि सुरक्षित भारत" थीम के तहत अग्निशमन सेवा दिवस–2025 मना रही हैं। अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन आज स्मरण दिवस परेड के साथ शुरू हुआ, जिसमें वर्ष 2024 के दौरान कर्तव्य को पूरा करने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर अग्निशमन सेवा कर्मियों को सम्मानित और श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य समारोह अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं मुख्यालय के परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार द्वीप समूह की पुलिस महानिरीक्षक सिंधु पिल्लई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। अपने संबोधन में उन्होंने इस दिन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला, जब 14 अप्रैल, 1944 को बॉम्बे डॉक विस्फोट के दौरान कई अग्निशमन कर्मियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह वार्षिक उत्सव न केवल स्मरण का क्षण है, बल्कि राष्ट्रव्यापी कार्रवाई का आह्वान भी है। मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान के प्रतीक के रूप में, बिहार अग्निशमन सेवा के शहीद नायक रविकांत मंडल का नाम पढ़ा गया।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से रात के समय अपोलो क्लिनिक के पास गाराचरमा क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से मिट्टी डाले जाने की घटना का संज्ञान लेते हुए राजस्व अधिकारियों ने साइट पर मौजूद सभी मशीनों को जब्त किया और साठ हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया। भूमि राजस्व और भूमि सुधार विनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों पर कार्यवाही शुरू की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त एक फील्ड रिपोर्ट में इलाके में संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। इस पर कार्रवाई करते हुए मामले की जांच के लिए राजस्व अधिकारियों की एक टीम को तुरंत तैनात किया गया था। निरीक्षण करने पर पता चला कि गाराचरमा गांव में जमीन के एक हिस्से पर बिना अपेक्षित अनुमति के लगभग 100 क्यूबिक मीटर ढीली मिट्टी डाली गई थी। दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने आम जनता से ऐसी अवैध गतिविधियों से दूर रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश की न्याय प्रणाली को जन–केंद्रित और वैज्ञानिक बनाने का प्रयास कर रही है। नई दिल्ली में आज अखिल भारतीय फोरेंसिक विज्ञान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि सरकार सभी को समय पर न्याय दिलाने और न्याय से संतुष्ट होने की दिशा में काम कर रही है। गृह मंत्री ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून 21वीं सदी के सबसे बड़े सुधार हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से कल हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंडमान निकोबार कमान और प्रशासन द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट और क्षेत्र में खेल पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से किया गया। इसमें मुख्यभूमि और द्वीपसमूह से 2000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन को उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी और अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन, ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भारत की प्रसिद्ध एथलीट पद्म श्री पुरस्कार विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कमांडर–इन–चीफ ने ऑफ–सीजन खेल आयोजनों के माध्यम से फिटनेस और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कमान की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ ने लिविंग ऑन द एज के सहयोग से विम्बर्लीगंज जंक्शन में "चेकमेट ऑन स्ट्रीट्स – चेस फॉर एवरीवन" का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के चौंथे संस्करण का उद्घाटन ग्राम पंचायत स्टीवर्टगंज के पूर्व प्रधान पी अब्दुल अजीज, ने किया। अंडमान निकोबार शतरंज एसोसिएशन के सचिव बी. निल्लईया ने बच्चों में शतरंज खेलने की भावना के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में वार्षिक बाबा तारकेश्वर पूजा उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। चैत्र महीने के आखिरी सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम में द्वीपसमूह से हजारों भक्त शामिल हुए। उत्सव की शुरुआत लामिया बे से हुई, जहाँ भक्तों ने गंगा पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किया और पवित्र जल से भरे कलश–बाग को लेकर लगभग 30 किलोमीटर तक की दूरी तय करते हुए कृष्णपुर शिव मंदिर पहुंचे और पूजा–अर्चना की। इस दौरान डिगलीपुर पुलिस थाना की ओर से व्यापक सुरक्षा की व्यवस्था भी की गई थी।

उधर, शारदा संघ श्री विजयपुरम अपना पच्चीस वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाएगा। इस सिलसिले मे कल से कार्यक्रम आरंभ होंगे। मुख्य कार्यक्रम बीस और इक्कीस अप्रैल को रामकृष्ण मिशन के पुराने प्रार्थना हॉल में आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>